“राजभाषा नियम व उपनियम”

दिनांक 02.03.2026 को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा “राजभाषा नियम व उपनियम” विषय पर हाइब्रिड मोड में आयोजित राजभाषा हिन्दी कार्यशाला में भा.वा.अ.शि.प. मुख्यालय मुख्यालय तथा संस्थानों के विभिन्न निदेशालयों /कार्यालयों /प्रभागों के अधिकारियों /कर्मचारियों ने ऑनलाइन माध्यम से सहभागिता की। मुख्यालय के प्रतिभागियों के लिए ऑनलाइन सहभागिता हेतु समिति कक्ष में आमंत्रित किया गया था। कार्यशाला में मंत्रालय द्वारा आमंत्रित वक्ता श्री सतीश कुमार पाण्डे, केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो के सेवनिवृत उप निदेशक द्वारा व्याख्यान के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को राजभाषा संबंधी संवैधानिक उपबंधों, नियमों, अधिनियमों तथा वार्षिक कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।उन्होंने राजभाषा की प्रमुख धाराओं एवं अद्यतन प्रावधानों पर भी प्रकाश डाला। प्रतिभागियों ने व्याख्यान को अत्यंत रुचिपूर्वक सुना तथा प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से अपने संदेहों का समाधान प्राप्त किया। कार्यशाला ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी रही।

कार्यशाला की कुछ झलकियां